दिनांक : 06.07.2025 समय : 02.10pm

**आकाशवाणी भोपाल**
**दोपहर समाचार**

## प्रधानमंत्री – ब्राजील, अर्जेंटीना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आज ब्राजील के रियो डी जेनेरियो पहुंच गये हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि वे कई प्रमुख क्षेत्रों में भारत और ब्राजील के बीच कार्यनीतिक साझेदारी का विस्तार करने के लिए राष्ट्रपति लुईज़ इनाशियो लुला डी सिल्वा के साथ वार्ता को लेकर उत्सुक हैं।

ब्राजील में भारतीय मूल के लोगों और वहां काम कर रहे भारतीयों ने प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत किया। प्रधानमंत्री आज शाम ब्रिक्स की कार्यसूची पर चर्चा करेंगे और द्विपक्षीय बैठकों में भाग लेंगे।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई के साथ कल सार्थक बैठक की। दोनों देश वाणिज्य और व्यापार, प्रौद्योगिकी और औषधी क्षेत्र सहित प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढाने तथा कार्यनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर सहमत हुए।

## प्रधानमंत्री–श्यामाप्रसाद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रख्यात चिंतक और शिक्षाविद् डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि डॉक्टर मुखर्जी ने देश के सम्मान, मर्यादा और गौरव की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति दी। श्री मोदी ने यह भी कहा कि डॉक्टर मुखर्जी के आदर्श और सिद्धांत विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दृष्टि से मूल्यवान है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह और अन्य नेताओं ने संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर आज उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली के शहीदी पार्क में डॉक्टर मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। श्री वैष्णव ने भारतीय भाषाओं के महत्व की वकालत करने में डॉक्टर मुखर्जी के योगदान की सराहना की।

## बीहड़–सौर ऊर्जा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार प्रदेश के समग्र विकास के लिए संकल्पित है। हम सबके जीवन में उजाला लाने के लिए कटिबद्ध हैं। ग्वालियर–चंबल क्षेत्र शीघ्र ही राज्य का सबसे विकसित क्षेत्र बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कल ग्वालियर में 265 करोड़ रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। उन्होंने विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को मंच

से हितलाभ भी वितरित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीहड़ के जंगलों में सौर ऊर्जा बनेगी। आज बीहड़ में किसानों की जिंदगी बेहतर हो रही है, उद्योग शुरू हो रहे हैं। केन–बेतवा प्रोजेक्ट के माध्यम से बुंदेलखंड भी हरा भरा होने वाला है।

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर राज्य विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश विकास की नई इबारत लिख रहा है।

**सीएम–पत्र**

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान को पत्र लिखकर मूंग के कुल उत्पादन का चालीस प्रतिशत समर्थन मूल्य पर खरीदने का लक्ष्य निर्धारित करने का आग्रह किया है। मूँग का समर्थन मूल्य 8 हजार 682 रूपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

**मोहर्रम**

मोहर्रम का त्यौहार आज देशभर में मनाया जा रहा है। हजरत इमाम हुसैन समेत कर्बला के 72 शहीदों की याद में प्रदेश में जगह–जगह मातमी जुलूस निकाले जा रहे हैं। राजधानी भोपाल में करीब 550 ताजिए जुलूस की शक्ल में चलेंगे।

**क्रिकेट**

क्रिकेट में, बर्मिंघम के एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट मैच में भारत मजबूत स्थिति में है। भारतीय टीम ने इंग्लैंड को 608 रन का लक्ष्य दिया है। मेजबान इंग्लैंड ने चौथे दिन की सामप्ति तक 3 विकेट पर 72 रन बनाए थे। इंग्लैंड अब भी भारत से 536 रन पीछे है। ओली पोप 24 और हैरी ब्रूक 15 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। मैच आज दोपहर साढे तीन बजे से शुरू होगा।

**समाचार संक्षेप में .....**

- मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 125वें जन्मदिवस पैर आज शाम भोपाल स्थित रवीन्द्र भवन में एक देश एक विधान कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

--------------